Not applicable	Two years	By direct recruitment, failing which, by transfer on deputation (including short-term contract), selection to be made in consultation with the Union Public Service Commission.	Transfer on Deputation (including short-term contract): Officers holding analogous posts or with 3 years' service in the scale of pay of Rs. 1500-2000 or equivalent under the Central/State Government/ Universities/ Recognised Research and Development Organisations and possessing the qualifications prescribed for direct recruits as shown in column 7 of the proforma. Note :—The period of deputation/contract shall ordinarily not exceed 5 years.	Not applicable.	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958, read with column 10.

[F.No. A12018/7/75. Admn I

.L. [illegible]

संस्कृति विभाग

नई दिल्ली, 27 मई, 1976

सा० का० नि० 836.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण (साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग 1 और वर्ग 2 पद) भर्ती नियम, 1976 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण (साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग 1 और वर्ग 2 पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण (साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग 1 और वर्ग 2 पद) भर्ती नियम, 1967 की अनुसूची में, क्रम सं० 8 पर के सांख्यिक के पद और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

1	2	3	4	5	6	7
"8 सांख्यिक	5	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' (जिसे पहले वर्ग 2 कहा जाता था) राजपत्रित)	650-30-740-35-810-ब० रो०-35-880-40-1000-ब० रो०-40-1200 ब०	चयन	35 वर्ष से अनधिक (सरकारी सेवकों के लिए शिथिलनीय) टिप्पण :—आयुसीमा के अवधारण के लिए निर्णायक तारीख आरंभ में के (उनसे भिन्न जो अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के संघ राज्यक्षेत्रों में हैं) अभ्यर्थियों से आवेदनों की प्राप्ति के लिए अन्तिम तारीख होगी।	आवश्यक : (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की सांख्यिकी में, या गणित या अर्थशास्त्र या वाणिज्य में (जिसमें एक प्रश्नपत्र सांख्यिकी का रहा हो) मास्टर की उपाधि या समतुल्य। या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि जिसमें गणित या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी एक विषय रहा हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कम से कम 2 वर्ष के शिक्षण के पश्चात् दिया गया सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या समतुल्य। (ii) सांख्यिकी कार्य में, जिसमें सांख्यिकीय आंकड़ों का संग्रहण विश्लेषण और निर्वचन आता हो, 3 वर्ष का अनुभव। (अर्हताएं अन्यथा सुविहित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं; विशेष रूप से अनुभव संबंधी अर्हता अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल की जा सकती है)	वांछनीय : मानव विज्ञान संबंधी आंकड़ों के सांख्यिकीय निरूपण का अनुभव।

8	9	10	11	12	13
आयु : नहीं शैक्षिक अर्हतायें : स्तम्भ 11 में उपवर्णित विस्तार तक	2 वर्ष	50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा ; और 50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	प्रोन्नति (i) ज्येष्ठ अन्वेषक, जिसने उस श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् 3 वर्ष सेवा की हो या नियमित आधार पर सांख्यिकी सहायक के रूप में नियुक्ति के पश्चात् ज्येष्ठ अन्वेषक और सांख्यिकी सहायक की श्रेणियों में, दोनों को मिला कर, कुल 8 वर्ष सेवा की हो, या (ii) सांख्यिकी सहायक; जिसने उस श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् 8 वर्ष सेवा की हो, और जिसके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की कम से कम ऐसी उपाधि, जिसमें एक विषय गणित या सांख्यिकी या अर्थशास्त्र या वाणिज्य रहा हो या समतुल्य हो।	समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति। संरचना :— 1. सचिव, संस्कृति विभाग अध्यक्ष 2. संयुक्त सचिव संयुक्त शिक्षा सलाहकार, संस्कृति विभाग सदस्य 3 निदेशक, मानव विज्ञान सर्वेक्षण सदस्य 4 उप सचिव/उप शिक्षा सलाहकार संस्कृति विभाग सदस्य 5. अवर सचिव/सहायक शिक्षा सलाहकार, संस्कृति विभाग... सदस्य सचिव	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन यथा अपेक्षित।"

[फा० सं० 9-61/74-सी ए आई (1)]
बलदेव महाजन, अवर सचिव

DEPARTMENT OF CULTURE

New Delhi, the 27th May, 1976

G. S. R. 836.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Anthropological Survey of India (General Central Services Class I and Class II Posts) Recruitment Rules, 1967, namely :—

1. (1) These rules may be called the Anthropological Survey of India (General Central Service Class I and Class II Posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the schedule to the Anthropological Survey of India (General Central Service Class I and Class II Posts) Recruitment Rules, 1967 for the posts of Statistician at serial number 8 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely :—

1	2	3	4	5	6	7
"8. Statistician	5	General Central Service Group 'B'(formerly known as Class II) (Gazetted)	Rs. 650-30-740-35-810-EB-35-880-40-1000-EB-40-1200	Selection	Not exceeding 35 years (Relaxable for Government servants) Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of application from candidates in India (other than those in the Union Territories of Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep).	Essential : (i) Master's degree in Statistics, or in Mathematics or Economics or Commerce (with Statistics as a paper) of a recognised University or equivalent. Or Degree of a recognised University or equivalent with Mathematics or Economics or Statistics as a subject and a recognised post-graduate diploma in Statistics awarded after at least 2 year's training in a recognised Institution or equivalent.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						(ii) 3 years' experience in statistical work involving collection, analysis and interpretation of statistical data. (Qualifications relaxable at the Union Public Service Commission's discretion in case of candidates otherwise well qualified; in particular the qualifications regarding experience is relaxable in case of candidates belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes). Desirable : Experience of statistical treatment of anthropological data.

8	9	10	11	12	13
Age : No Educational Qualifications : to the extent indicated in Column 11	2 years	50% by promotion failing which by direct recruitment; and 50% by direct recruitment	Promotion : (i) Senior Investigator with 3 years' service in the grade after appointment thereto on a regular basis or 8 years' total service in the grades of Senior Investigator and Statistical Assistant combined together after appointment as Statistical Assistant on a regular basis, and Statistical Assistant with 8 years' service in the grade, after appointment thereto on a regular basis. and possessing at least degree of a recognised University or equivalent with Mathematics or Statistics or Economics or Commerce as a subject.	Group 'B' Departmental Promotion Committee Composition : 1. Secretary of the Department of Culture—Chairman. 2. Joint Secretary/ Joint Educational Adviser, Department of Culture—Member 3. Director, Anthropological Survey of India—Member 4. Deputy Secretary/ Deputy Educational Adviser, Department of Culture—Member 5. Under Secretary/ Assistant Educational Adviser, Department of Culture—Member Secretary.	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958)."

[File No. 9-61/74-CAI(I)]
BALDEV MAHAJAN, Under Secy.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 18 मई, 1976

सा० का० नि० 837.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार कार्यालय में कनिष्ठ आशुलिपिक भर्ती नियम, 1972 में संशोधन करके एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार का कार्यालय (कनिष्ठ आशुलिपिक) भर्ती (संशोधन) नियम, 1976 कहा जा सकेगा।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख को लागू होंगे।

2 भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार के कार्यालय में कनिष्ठ आशुलिपिक भर्ती नियम, 1972—

(क) नियम 4 लुप्त हो जायेगा

(ख) नियम 5, 6 और 7 क्रमानुसार, 4, 5 और 6 हो जायेंगे।

[फाइल सं० 8/20/71-प्रशासन/आर० एन० आई०/यू०एस० (1)]

एस० रामास्वामी, अवर सचिव।

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 18th May, 1976

G.S.R. 837.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Office of the Registrar of Newspapers for India (Junior Stenographers) Recruitment Rules, 1972 namely :—

1. (1) These rules may be called the Office of the Registrar of Newspapers for India (Junior Stenographers) Recruitment (Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Office of the Registrar of Newspapers for India (Junior Stenographers) Recruitment Rules, 1972,—

(a) rule 4 shall be omitted;

(b) rules 5, 6 and 7 shall be renumbered as 4, 5 and 6 respectively.

[F. No. 8/20/71-Admn. /RNI/US(I)]
S. RAMASWAMY, Under Secy.

नई दिल्ली, 26 मई, 1976

सा० का० नि० 838.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, फिल्म सेंसर बोर्ड (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद भर्ती) नियम, 1962 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (i) इन नियमों का नाम फिल्म सेंसर बोर्ड (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद भर्ती) संशोधन नियम, 1976 है।

(ii) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. (क) फिल्म सेंसर बोर्ड (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद भर्ती) नियम, 1962 में, विद्यमान नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

5. निरर्हतायें :—वह व्यक्ति —

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ;

पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 में निर्दिष्ट किसी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

(ख) फिल्म सैंसर बोर्ड (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद भर्ती) नियम, 1962 की अनुसूची में—

(i). क्रम सं० 4 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं० और प्रविष्टियां अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

1	2	3	4	5	6	7
4क	अध्यक्ष का निजी सहायक	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह ग, अनुसचिवीय अराजपत्रित	550-20-650-25-750 रु०	कुछ नहीं	शत प्रतिशत	कुछ नहीं

8	9	10	11	12	13
कुछ नहीं	लागू नहीं होना	लागू नहीं होता	दो वर्ष	लागू नहीं होता	प्रोन्नति : फिल्म सैंसर बोर्ड के कार्यालय में काम करने वाले ऐसे आशुलिपिकों में से चयन द्वारा जिन्होंने 425-700 रु० के वेतनमान में 2 वर्ष नियमित सेवा की हो।

(II). क्रम सं० 5 के सामने स्तम्भ सं० 2 के नीचे की प्रविष्टि में, 'जिसमें अध्यक्ष का निजी सहायक भी सम्मिलित है' शब्दों का लोप किया जाएगा।

(III) चौकीदार से संबंधित क्रम सं० 8 के सामने स्तम्भ सं० 3 के नीचे की प्रविष्टि में, 'अनुसचिवीय' शब्द के स्थान पर 'अनुसचिवीय' शब्द रखा जाएगा।

(सं० फा० 2/27/75-एफ सी)
एस. घोष, उप सचिव

New Delhi, the 26th May, 1976

G.S.R. 838 :— In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Board of Film Censors (Recruitment to Class III and Class IV posts) Rules, 1962, namely :—

1. (i) These rules may be called the Board of Film Censors (Recruitment to Class III and Class IV posts) Amendment Rules, 1976.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. (a) In the Board of Film Censors (Recruitment to Class III and Class IV Posts) Rules, 1962, for the existing rule, 5, the following rule shall be substituted, namely :—

"5. Disqualifications :—

No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to any post referred to in Column 2 of the aforesaid Schedule :

Provided that Central Government may, if stisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule."

(b) In the Schedule to the Board of Film Censors (Recruitment to Class III and Class IV Posts) Rules, 1962—

(i) after serial number 4 and the entries relating thereto, the following serial numbers and entries shall be inserted, namely :—

S. No.	Particulars of the post		Scale of pay of the post	Method of recruitment and percentage of vacancies to be filled by			
	Name of the post	Classification, character and status of the post		Direct Recruitment	Promotion Selection	Seniority cum fitness	Transfer
1	2	3	4	5	6	7	8
4.	A Personal Assistant to Chairman	General Central Service Group C, Ministerial, Non-Gazetted	Rs. 550-20-650-25-750	Nil	100%	Nil	Nil

Qualifications for direct recruitment		Period of probation/ trial, if any	Qualifications etc. for recruitment by promotion/transfer	
Age limit	Educational and other qualifications required		Whether age and educational qualifications for direct recruitment will apply in the case of recruitment by promotion/transfer	Grades/Sources from which promotion/transfer is to be made
9	10	11	12	13
Not applicable	Not applicable	Two years	Not applicable	Promotion : by selection from amongst the Stenographers with 3 years regular service in the scale of Rs. 425-700 working in the office of the Board of Film Censors.

(ii) in the entry under Column No. 2 against Serial No. 5, the words "including PA to Chairman" shall be omitted.

(iii) in the entry under Column No. 3 against Serial No. 8 relating to Chowkidar, for the word "Ministerial" the word "Non-Ministerial" shall be substituted.

[F. No. 2/27/75-FC]
S. GHOSE, Dy. Secy.

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 दिसम्बर, 1975

सा० का० नि० 839.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (अधीनस्थ कार्यालय) में सहायक रखवाल के पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम .—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (अधीनस्थ कार्यालय) सहायक रखवाल भर्ती (पुनरीक्षित) नियम 1975 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना :—ये नियम इस से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे।

3. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :–उक्त पदों की संख्या उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और अन्य बातें :–उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ 5 से 13 में विनिर्दिष्ट है।

5. निरर्हताएं :–वह व्यक्ति–

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ।

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

6. शिथिल करने की शक्ति :––जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेख-बद्ध करके इन नियमों के किसी उपबन्ध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी ।

7. व्यावृत्ति :––इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
सहायक रखवाल	1	साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग 3 अराजपत्रित अननुसचिवीय	330-10-380-द० रो० -12-500-द० रो०-15-560 रु०	चयन पद	लागू नहीं होना	लागू नही होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नतों की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाएगा
8	9	10	11	12	13
लागू नही होता	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा	नियमित स्थापन के निर्माण सहायक जिन्होंने उस श्रेणी में कम से कम 5 वर्ष सेवा की है । आवश्यक अर्हता के रूप में मैट्रिक और स्वच्छता विज्ञान में डिप्लोमा होना चाहिए और वांछनीय अर्हता के रूप में अग्नि परिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो ।	वर्ग ० 3 वि० प्रो० स०	लागू नही होता

एस० एन० राय चौधुरी, अवर सचिव,

[संख्या फा० 24/5/74-एम० एस० 2

उपाबन्ध III

गृह मंत्रालय और संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्थापनाएं भेजते समय और अनुमोदित भर्ती नियम को संशोधन करते समय मंत्रालय विभाग द्वारा भरा जाने वाला प्ररूप

1. (क) पद का नाम : सहायक रखवाल

(ख) मंत्रालय/विभाग का नाम : केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

2. निर्देश संख्या जिसके अन्तर्गत भर्ती नियमों की बाबत गृह मंत्रालय की सलाह सम्प्रेषित की गई थी। अशा० सं० 594/68-स्था० (डी) तारीख 8-10-1968

स्तंभ संख्या	अनुमोदित नियमों में उपबंध	स्तंभ संख्या	पुनरीक्षित उपबन्ध जो प्रस्थापित है	प्रस्थापित पुनरीक्षण के कारण
1	2	3	4	5
4.	150-10-300 रु०	(4)	330-10-380 रु० रो०-12-500-द० रो०-15-560-रु०	टिप्पण के अनुसार जो पृथक्तः संलग्न है।
6.	19-25 वर्ष	(6)	लागू नहीं होना।	
7.	(i) मैट्रिकुलेशन, साथ ही स्वच्छता विज्ञान में डिप्लोमा (ii) उन अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जाएगा जिन्होंने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय नागपुर या अन्य ऐसी ही संस्थाओं से अग्नि संरक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।	(7)	लागू नहीं होना।	
8.	नहीं	(8)	लागू नहीं होना।	
10.	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	(10)	प्रोन्नति द्वारा।	
11.	प्रोन्नति : नियमित स्थापन पर के ऐसे सफाई निरीक्षक और निर्माण सहायक, जिन्होंने उस श्रेणी में कम से कम पांच वर्ष की सेवा की हो। पश्चात्वर्ती के पास आवश्यक अर्हता के रूप में मैट्रिकुलेशन तथा वांछनीय अर्हताओं के रूप में स्वच्छता विज्ञान में डिप्लोमा और अग्नि संरक्षा में प्रशिक्षण होना चाहिए।	(11)	नियमित स्थापन पर के निर्माण सहायक, जिन्होंने उस श्रेणी में कम से कम पांच वर्ष सेवा की हो। आवश्यक अर्हता के रूप में मैट्रिकुलेशन तथा वांछनीय अर्हताओं के रूप में स्वच्छता विज्ञान में डिप्लोमा और अग्नि संरक्षा में प्रशिक्षण होना चाहिए। टिप्पण	

तृतीय वेतन आयोग ने विभिन्न विभागों में रखवाल के लिए अनेक वेतनमानों (21 वेतनमानों) को विद्यमानता के प्रश्न पर विचार किया था और अर्हताओं पर आधारित छह वेतनमानों में उनके युक्तिकरण की सिफारिश की थी। आयोग ने 150-300 रु० के वेतनमान के वर्तमान रखवाल के लिए 330-560 रु० के पुनरीक्षित वेतनमान की सिफारिश की है जिसमें यह अनुबंध किया गया है कि भविष्य में सीधी भर्ती की जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। आयोग ने 150-380 रुपये के वेतनमान के रखवाल के लिए भी 380-640 रु० के पुनरीक्षित वेतनमान की सिफारिश की है जिसमें यह अनुबंध किया गया है कि भविष्य में, सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अर्हता मैट्रिक होना चाहिए जिसके साथ स्वच्छता विज्ञान या खानपान प्रबन्ध में डिप्लोमा हो, तथा चार वर्ष का अनुभव हो।

वर्तमान भर्ती नियमों में, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक रखवाल उस द्वितीय प्रवर्ग में सम्मिलित नहीं है जो कि रखवाल के पद पर 380-640 रु० (पुनरीक्षित) के वेतनमान में प्रोन्नति के पात्र है। सहायक रखवाल और रखवाल दोनों के लिए सीधी भर्ती के लिए अर्हतायें एक ही हैं तथा वे ही प्रवर्ग अर्थात् स्वच्छता निरीक्षक निर्माण सहायक, दोनों ही पदों के लिए पात्र हैं। निर्माण सहायक और स्वच्छता निरीक्षक के 110-200 रु० और 150-240 रु० के वर्तमान वेतनमानों को पुनरीक्षित करके क्रमशः 260-430 रु० और 330-560 रु० कर दिया गया है। इस प्रकार, स्वच्छता निरीक्षक और सहायक रखवाल दोनों का पुनरीक्षित वेतन मान एक हो, अर्थात् 330-560 रु० है। तृतीय वेतन आयोग की पूर्वोक्त सिफारिशों के दृष्टि में रखते हुए तथा इन पदों के लिए नियत पुनरीक्षित वेतनमानों को मुकाबले विभाग में रखवाल और सहायक रखवाल के लिए भर्ती नियमों में निम्नलिखित परिवर्तन किए जाने की प्रस्थापना है।

[सं० फा 24/5/74-एम० एस० 2]

MINISTRY OF WORKS AND HOUSING

(Works Division)

New Delhi, the 9th December, 1975

G.S.R. 839.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Assistant Caretaker in the Central Public Works Department (Subordinate offices) namely:—

1. Short title: (1) These rules may be called the Central Public Works Department (Subordinate offices) Assistant Caretaker Recruitment (Revised) Rules, 1975.

(2) They shall come into force on the date of their notification in the Official Gazette.

2. Application: These rules shall apply to the post as specified in column 1 of the Schedule annexed to these rules.

3. Number of posts, classification and scale of pay: The number of posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. Method of recruitment, age limit, qualification etc.: The method of recruitment to the said post, age limit, qualification and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

5. Disqualification: No person—

(1) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(2) who, having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person

shall be eligible for appointment to the said post. Provided that the Central Government may if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax: Where Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. Saving: Nothing in these rules shall affect reservation and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

ANNEXURE I

Recruitment Rules for Assistant Caretaker

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of Pay	Whether selection post or Non-selection post	Age for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Assistant Caretaker	1	GCS Class III Non-Ministerial/ Non-Gazetted	Rs. 330-10-380-EB-12-500-EB-15-560	Selection post	N.A.	N.A.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion/ or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion / deputation / transfer, grades from which promotion / deputation / transfer to be made	If a D.P.C. exists what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
N.A.	Two years	By promotion	Work Assistants on the regular Estt. with at least 5 years' service in the grade. Must have matriculation as essential qualification and Diploma in sanitation and training in Fire protection as desirable qualification.	Class III D.P.C.	N.A.

ANNEXURE III

Form to be filled by the Ministry/Department while forwarding proposals to the Ministry of Home Affairs and the Union Public Service Commission and amending approved Recruitment Rules.

1. (a) Name of the Post Assistant Caretaker.
(b) Name of the Ministry/Department, C.P.W.D.

2. Reference number in which Ministry of Home affairs U.O. No. 594/68-Estt.(D) dated 8-10-68 advice on recruitment rules was conveyed.

3.

Col. No.	Provision in the approved rules	Col. No.	Revised provision proposed	Reasons for the revision proposed
1	2	3	4	5
4.	Rs. 150-10-300	4.	Rs. 330-10-380-EB-12-500-EB-15-560.	As per Note attached separately.
6.	19-25 years	6.	Not applicable.	
7.	(i) Matriculation with diploma in Sanitation. (ii) Preference will be given to candidates who have undergone training in Fire Protection from National Fire Service College, Nagpur or other similar Institutions.	7.	Not applicable.	
8.	No.	8.	Not applicable.	
10.	By promotion failing which by direct recruitment.	10.	By promotion.	
11.	Promotion: Sanitary Inspectors & Work Assistant on the regular Estt. with at least 5 years service in the grade. The latter must have matriculation as	11.	Work Assistants on the regular Estt. with at least 5 years service in the grade. Must have matri-	

essential qualification and diploma in sanitation and training in Fire Projection & desirable qualifications.	culation as essential qualification and diploma in sanitation and training in Fire Protection as desirable qualifications.

NOTE

The Third Pay Commission had gone into the question of existence of multiple scales (21 scales) for Caretakers of different Departments and recommended rationalisation of the same into a six scales of pay based on qualifications. They have recommended the revised scale of Rs. 330-560 for the existing Caretakers in the scale of Rs. 150-300 which stipulates that there is no need for direct recruitment in future. They have also recommended the revised scale of Rs. 380-640 for Caretakers in the scale of Rs. 150-380 which stipulates that in future qualifications for direct recruits should be Matriculate with Diploma in Sanitation or Catering and Four years experience.

In the existing Recruitment Rules Assistant Caretakers in the Central P.W.D. are not included among 2nd category eligible for promotion in the pay scale of Rs. 380-640 (revised) to the post of Caretakers. The qualifications for direct recruitment are the same both for Assistant Caretaker and Caretaker and the same categories namely Sanitary Inspectors and Work Assistant are eligible for both the posts. The existing scale of Rs. 110-200 and Rs. 150-240 of Work Assistant and Sanitary Inspector have been revised to Rs. 260-430 and Rs. 330-560 respectively. Thus the revised scale of pay both for Sanitary Inspector and Assistant Caretaker is the same viz. Rs. 330-560. The following changes are proposed to be made in the recruitment rules for Caretakers and Assistant Caretaker in the Department keeping in view the aforesaid recommendations of 3rd Pay Commission and vis-a-vis the revised scales of pay fixed for these posts.

[No. F. 24/5/74-MS II]
S. N. ROY CHOWDHURY, Under Secy.

शुद्धिपत्र

नई दिल्ली, 18 मई, 1976

प्ररूप

सा०का०नि० 840.—

मूल भर्ती नियम	भर्ती नियम जो दिनांक 17 अप्रैल, 1976 के भारत के राजपत्र में सा०का०नि० संख्या 558 के अन्तर्गत प्रकाशित हुए।
(1) पृष्ठ संख्या 1063 अनुसूची—खाना 2 'यदि' शब्द मूल नियमों में नहीं है।	'यदि' शब्द मुद्रण त्रुटि से छप गया है।
(2) पृष्ठ संख्या 1064 पंक्ति सोलहवीं विश्लेषण/सांख्यकीय/सक्रिया	'साख्यकीय' के स्थान पर 'साख्यीय' शब्द छपा है।
(3) पृष्ठ संख्या-1064 अनुसंधान सहायक की सूची के ग्यारहवें खाने की सातवीं पंक्ति- 'उपाधि या समतुल्य हो।'	'उपाधि का समतुल्य हो।'

CORRIGENDUM

New Delhi, the 18th May, 1976

ANNEXURE

G.S.R. 840.—

Recruitment Rules as in the original	R/Rules as published in the Gazette of India dated the 17th April, 1976 under G.S.R. 558
1	2
4. *Page No.* 1065 *IInd line of the English version* Method of recruitment to the posts of Junior *Analyst* (Class II Gazetted).	Method of recruitment to the posts of Junior *Analysts*.
5. *Page No.* 1066, *line No.* 40 *below Col. II* on a year to '*year* basis.	On a year to *your* basis.
6. Page No. 1067, IInd para relating to the R/Rules for the post of Research Assistant. A minimum of 5 *years'*	a minimum of 5 years'
7. Page No. 1067, line No. 9 or equivalent training in *any*	The word '*any*' is missing

[No. 27/2/66-Adm. I]
G. R. GUPTA, Under Secy.

नई दिल्ली, 21 मई, 1976

सा० का० नि० 841:—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मुद्रण और लेखन सामग्री विभाग (सुरक्षा अधिकारी) भर्ती नियम, 1973 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम मुद्रण और लेखन सामग्री विभाग (सुरक्षा अधिकारी) भर्ती (संशोधन) नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. मुद्रण और लेखन सामग्री विभाग (सुरक्षा अधिकारी) भर्ती नियम, 1973 में

(क) नियम 6 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"7 व्यावृत्ति :—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।"

(ख) अनुसूची में —

(i) स्तम्भ 4 में की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी अर्थात् :—

"650-30-740-35-810द०रो०-35-880-40-1000 द० रो०-40-1200-रू० 1"

(ii) स्तम्भ 10 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

"प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा, जिसके न हो सकने पर पुनर्नियोजन द्वारा

(iii) स्तम्भ 11 में की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

"प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : (i) केन्द्रीय या राज्य सरकारों के अधीन पुलिस उपअधीक्षक या ऐसे पुलिस निरीक्षक, जिन्होंने उस श्रेणी में कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो।

(ii) कैप्टन की पंक्ति के या लेफ्टिनेन्ट की पंक्ति के ऐसे रक्षा सेवा अधिकारी, जिन्होंने सेना में 4 वर्ष सेवा की हो।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)

पुनर्नियोजन

सेना में कैप्टन की पंक्ति के सेवानिवृत्ति रक्षा सेवा अधिकारी (पुनर्नियोजन सिविल पदों के संबंध में अधिवर्षिता की आयु तक होगी)"

[फा० सं० ए-12018/2/70-पी आई/मुद्रण]
बी० एन० मुखर्जी, अवर सचिव

New Delhi, the 24th May, 1976

G.S.R. 841.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Printing and Stationary Department (Security Officer) Recruitment Rules, 1973, namely :—

1. (1) These rules may be called the Printing and Stationery Department (Security Officer) Recruitment (Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Printing and Stationery Department (Security Officer) Recruitment Rules, 1973—

(a) after rule 6, the following rule shall be inserted, namely :—

"7. Saving:—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.";

(b) in the Schedule—

(i) for the entry in column 4, the following entry shall be substituted, namely :—
"Rs. 650-30-740-35-810-EB-35-880-40-1000-EB-40-1200.";

(ii) for the entry in column 10, the following entry shall be substituted, namely :—
"By transfer on deputation failing which by re-employment."

(iii) for the entry in column 11, the following entry shall be substituted, namely :—
"Transfer on deputation.—(i) Deputy Superintendents of Police or Inspectors of Police with at last 5 years' service in the grade under the Central/or State Governments. (ii) Defence Service Officers of the rank of Captain or of the rank of Lieutenant with 4 years' service in the Army. (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years).

Re-employment

Retired Defence Service Officer of the rank of Captain in the Army. (Re-employment up to the age of superannuation with reference to Civil posts.)"

[F. No. A-12018/2/70-PI/Ptg.]
B. N. MUKHARJEE, Under Secy.

संचार मंत्रालय

(डाक तार बोर्ड)

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 1 मई, 1976

सा० का० नि० 842.—सरकारी राजपत्र भाग 2 खंड 3 उपखंड 1 में पृष्ठ 1168 पर प्रकाशित की गई भारत सरकार संचार मंत्रालय (डाक-तार बोर्ड) की अधिसूचना संख्या 510 तारीख 19-4-1975 के नियम 2 में इन शब्दों "बदली या प्रतिनियुक्ति" के स्थान पर ये शब्द "प्रतिनियुक्ति पर बदली" पढ़े जाएं।

[सं० 4-10/74-टी एफ]
ई० जी० एस० सत्यमूर्ति, सहायक महानिदेशक (टी एफ)

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(P. & T. Board)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 1st May, 1976

G.S.R. 842.—In the notification of the Government of India in the Ministry of Communications (P. & T. Board) No. G.S.R. 510, dated the 6-2-1975 published in the Gazette of India, part II, Section 3, Sub Section (1) dated the 19th April, 1975 at page 1168, in rule 2, for "transfer or deputation", read "transfer on deputation".

[No. 4-10/74-TF]
E.G.S. SATHYAMOORTHY, Assistant Director General (T.F.)

नई दिल्ली, 25 मई, 1976

सा० का० नि० 843.—केन्द्रीय सरकार, भारतीय तार अधिनियम, 1885 (1885 का 13) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय तार नियम, 1951 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (i) इन नियमों का नाम भारतीय तार (छठा संशोधन) नियम, 1976 है।

(ii) ये 1 जुलाई, 1976 को प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय तार नियम 1951 के नियम 162 में, उपनियम (1) में, "पैंतालीस दिन" शब्दों के लिए "तीस दिन" शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे।

[35-47/75-टी-2]
राम पद बैनर्जी, सहायक महानिदेशक (तार)

New Delhi, the 25th May, 1976

G.S.R. 843.—In exercise of the powers conferred by section 7 of the Indian Telegraph Act, 1885 (13 of 1885), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Indian Telegraph Rules, 1951, namely :—

1. (i) These rules may be called the Indian Telegraph (Sixth Amendment) Rules, 1976.

(ii) They shall come into force on the 1st day of July, 1976.

2. In rule 162 of the Indian Telegraph Rules, 1951, in sub-rule (i), for the words "forty-five days", the words "thirty days" shall be substituted.

[No. 35-47/75/T-2]
R. P. BANERJEE, Assistant Director General (Tar)

नई दिल्ली, 27 मई, 1976

सा०का० नि० 844.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विदेश संचार सेवा (चतुर्थ श्रेणी पद) भर्ती नियम, 1965 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम विदेश संचार सेवा (वर्ग 4 पद) भर्ती संशोधन नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. विदेश संचार सेवा (वर्ग 4 पद) भर्ती नियम, 1965 की अनुसूची में 'चपरासी' के पद से संबंधित मद 6 के सामने—

(1) स्तम्भ 4 में विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—
"196-3-220-द०रो०-3-232 रु०"

(2) स्तम्भ 10 में विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—
"25 प्रतिशत स्थानान्तरण द्वारा और 75 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा"

(3) स्तम्भ 11 में विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

"ऐसे झाड़कणों, चौकीदारों, मालियों और मजदूरों में से स्थानान्तरण द्वारा, जिन्होंने अपनी-अपनी श्रेणियों में कम से कम पांच वर्ष सेवा की हो और जो साक्षर हो और जो सरल लिखित परीक्षा के आधार पर हिन्दी पढ़ने की योग्यता साबित कर दें।

[सं० ए 12018/4/75-ओ० सी०]
नूतन देव, अवर सचिव

New Delhi, the 27th May, 1976

G.S.R. 844.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Overseas Communications Service (Class IV Posts) Recruitment Rules, 1965, namely :—

1. (1) These rules may be called the Overseas Communications Service (Class IV Posts) Recruitment Amendment Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Schedule to the Overseas Communications Service (Class IV Posts) Recruitment Rules, 1965, against item 6 relating to the post of "Peons"—

(i) in column 4, for the entry, the following entry shall be substituted, namely :—
"Rs. 196—3—220—EB—3—232";

(ii) in column 10, for the entry, the following entry shall be substituted, namely :—
"25% by transfer and 75 by direct recruitment";

(iii) in column 11, for tthe entry, the following entry shall be substituted, namely :—
"By transfer from Sweepers, Chowkidars, Gardners or Mazdoors who have put in a minimum of five years service in the respective grade and who possess elementary literacy and give proof of ability to read in Hindi on the basis of a simple written test".

[No. A. 12018/4/75-OC]
NUTAN DEVA, Under Secy.

श्रम मन्त्रालय

नई दिल्ली, 28 मई, 1976

सा० का० नि० 845.—केन्द्रीय सरकार, कोयला खान भविष्य निधि, कुटुम्ब पेंशन और बोनस स्कीम अधिनियम, 1948 (1948 का 46) की धारा 7 के साथ पठित धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या पी० एफ० 15(5)/48, तारीख 11 दिसम्बर, 1948 के साथ प्रकाशित कोयला खान भविष्य निधि स्कीम में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :—

1 (1) इस स्कीम का नाम कोयला खान भविष्य निधि (संशोधन) स्कीम, 1976 है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी।

2 कोयला खान भविष्य निधि स्कीम में पैरा 65क के स्थान पर निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :—

"65 क उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी और सहकारी क्रेडिट सोसाइटी के शेयर खरीदने के लिए निधि से अधिदाय (1) कोई सदस्य आयुक्त को या आयुक्त के अधीनस्थ किसी अधिकारी को जो उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए ऐसी रीति में और ऐसे प्ररूप में जो आयुक्त द्वारा विहित किया जाए निधि में उसके खाते में ब्याज सहित उसके अभिदाय के रूप में जमा रकम में से उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में ऐसी सोसाइटी के जिसका वह सदस्य बनना चाहता है शेयर खरीदने के लिए निम्नलिखित दो राशियां—

(1) जो कुल मिलाकर अंतिम पूर्ण मुद्रा अवधि के अन्त में निधि में उसके खाते में जमा ब्याज सहित उसके अभिदायों के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी; या

(2) उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी में शेयर खरीदने के लिए सौ रुपए की राशि और सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में शेयर खरीदने के लिए सौ रुपए की एक और रकम, यथास्थिति खण्ड I या खण्ड (II) में विनिर्दिष्ट राशियों में से जो भी कम हो, विप्रेषित करने के लिए प्राधिकृत करता है :

परन्तु ऐसा विप्रेषण तब तक नहीं किया जाएगा जब तक आयुक्त का यह समाधान नहीं हो जाता है कि यथास्थिति, ऐसी उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी का लक्ष्य कम से कम दो सौ पचास सदस्य बनाने का है।

(2) आयुक्त या जहां आयुक्त द्वारा ऐसे प्राधिकृत किया गया हो उसका अधीनस्थ कोई अधिकारी, अपना यह समाधान हो जाने पर कि प्राधिकरण विहित रीति में हुआ है और प्राधिकृत राशि उप-पैरा (1) में विनिर्दिष्ट सीमाओं के भीतर है उक्त राशि को सम्बद्ध उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी को विप्रेषित करेगा और ऐसा विप्रेषण इस प्रकार विप्रेषित राशि तक सदस्य के प्रतिनिधि के दायित्वों को पूर्णतः मुक्त कर देगा।

(3) इस पैरा के अधीन किसी उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में किसी राशि का विप्रेषण केवल क्रास लेखा संदायी चेक के द्वारा ही किया जाएगा।

(4) इस पैरा के अधीन यथा स्थिति, उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी को विप्रेषित कोई राशि अवसूचिया अधिदाय होगा।

(5) इस पैरा के अधीन किसी सदस्य को उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी की बाबत एक अधिदाय और सहकारी क्रेडिट सोसाइटी की बाबत एक अन्य अधिदाय से अधिक नहीं अनुज्ञात किया जाएगा।

(6) ऐसी उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी जिसे इस पैरा के अधीन कोई राशि विप्रेषित की जाती है, आयुक्त को निम्नलिखित सूचना देगा--

(1) सदस्यों को आबंटित शेयरों की ऐसी विशिष्टियां जिनकी ओर से निधि में से अग्रिदाय किए गए हैं जो आयुक्त द्वारा मंगाए जाएं ।

(2) निधि में के अग्रिदाय के सदस्यों को आबंटित शेयरों की बाबत ऐसे विक्रय, हस्तान्तरण या अन्य कारबार के विवरण जो निधि के सदस्यों को प्रारंभिक आबंटन के पश्चात् किए गए हों, जो आयुक्त द्वारा मंगाए जाएं ।

(7) इस पैरा में "उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी" और "सहकारी क्रेडिट/सोसाइटी" पदों से अभिप्रेत है, सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1912 (1912 का 2) के अधीन या किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त सहकारी सोसाइटियों से सम्बद्ध किसी अन्य विधि के अधीन इस रूप में रजिस्ट्रीकृत या रजिस्ट्रीकृत समझी जाने वाली यथास्थिति, कोई उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी या सहकारी क्रेडिट सोसाइटी और इसके अन्तर्गत ऐसी रजिस्ट्रीकृत या रजिस्ट्रीकृत समझी गई बहुउद्देश्यीय सहकारी सोसाइटियां भी हैं जो उपभोक्ता भंडार चलाती हैं या अन्य कार्यों के अतिरिक्त उधार प्रसुविधाएं प्रदान करती हैं ।"

[सं० आर० 11011(6)/75-पी०एफ० (i)]

MINISTRY OF LABOUR

New Delhi, the 28th May, 1976

G.S.R. 845.—In exercise of the powers conferred by section 3 read with section 7 of the Coal Mines Provident Fund, Family Pension and Bonus Schemes Act, 1948 (46 of 1948), the Central Government hereby makes the following scheme further to amend the Coal Mines Provident Fund Scheme published with the notification of Government of India in the Ministry of Labour No. PF 15(5)/48 dated the 11th December, 1948, namely :—

1. (1) This Scheme may be called the Coal Mines Provident Fund (Amendment) Scheme, 1976.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the official Gazette.

2. In the Coal Mines Provident Fund Scheme, for paragraph 65A, the following paragraph shall be substituted, namely :—

"65A. Advance from the Fund for the purchase of shares of consumers' Co-operative societies and co-operative credit socicties-(1) A member may authorise the Commissioner or any officer subordinate to the Commissioner as may be authorised by him in this behalf, in such manner and in such form as may be prescribed by Commissioner to remit, out of the amount standing to this credit in the Fund as his own contribution with interest thereon, to a consumers' Co-operaive Society or a Co-operative Credit Society, of which he intends to become a member, for the purchase of shares in such societies, two sums,—

(i) not exceeding, in total, fifty percent of his own contribution with interest thereon standing to his credit in the Fund as at the end of the last completed period of currency, or

(ii) a sum of rupees one hundred for the purchase of shares in a Consumers' Co-operative Society and another sum of rupees one hundred for the purchase of shares in a Co-operative Credit Society Whichever of the amount specified in clause (i) or, as the case may be, in clause (ii) is less; Provided that no such remittance shall be made unless the Commissioner is satisfied that such Consumers' Co-operative Society or, as the case may be, the co-operative Credit Society aims at a minimum membership of two hundred and fifty persons.

(2) The Commissioner or ,where so authorised by the Commissioner, any officer subordinate to him on being satisfied that the authorisation has been made in the prescribed manner and the sum authorised is within the limits specified in sub-paragraph (1) shall remit the said sum to the Consumers Co-operative Society or the Co-operative Credit Society concerned and such remittance shall give a full discharge of the liability of fund towards the member to the extent of the amount so remitted.

(3) The remittance of any amount under this paragraph to any Consumers' Co-operative Society or Co-operative Credit Society shall be made by crossed account payee cheque only.

(4) The amount remitted to a Consumers' Co-operative Society or, as the case may be, to a Co-operative Credit Society under this paragraph shall be a non-coverable advance.

(5) Not more than one advance in respect or a Consumers' Co-operative Society and another advance in respect of a Co-operative Credit Society shall be allowed to a member under this paragraph.

(6) Any Consumers' Co-operative Society or Co-operative Credit Society to which an amount is remitted under this paragraph shall intimate to the Commissioner,—

